प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.10.2023 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. केंद्रीय गृह मंत्री की वामपंथी उग्रवाद प्रभावित झारखंड समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक जारी, नक्सल मुक्त अभियान की ठोस रणनीति पर हो रही चर्चा।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न जातियों को संख्या के आधार पर अधिकार दिए जाने की सिफारिश की, कहा– झारखंड में जातिगत जनगणना के लिए केंद्र को लिखा गया है पत्र।
3. भारतीय रिजर्व बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की, रेपो रेट को छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर स्थिर, आने वाले दिनों में महंगाई कम होने का जताया अनुमान।
4. एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का सिलसिला जारी, आज तीरंदाजी में महिला रिकर्व टीम और बैडमिंटन में एच एस प्रणॉय ने जीता कांस्य पदक।

**********************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ झारखंड समेत वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की आज नई दिल्ली में बैठक हो रही है। बैठक में केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी शामिल हुए हैं। झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, गृह सचिव अविनाश कुमार और डीजीपी अजय कुमार सिंह बैठक में भाग ले रहे हैं। बता दें कि झारखंड के कई जिलों में अब भी माओवादियों का प्रभाव है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, पूर्व में देशभर के 90 जिले माओवाद प्रभावित थे, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के नक्सलियों के खिलाफ चलाये गये अभियान के बाद अब इसकी संख्या घटकर 70 रह गयी है। देश के अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में आठ जिले झारखंड के हैं।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जातिगत जनगणना को लेकर प्रयास किया जा रहा है। झारखंड विधानसभा से पारित कर आरक्षण से संबंधित विधेयक राज्यपाल को भेजा गया है। श्री सोरेन कल प्रोजेक्ट भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि विभिन्न जाति और समुदायों को उनकी संख्या के आधार पर उन्हें पूरा अधिकार मिलना चाहिए। इस संबंध में सभी दलों की सहमति से दो वर्ष पहले ही जाति आधारित जनगणना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा जा चुका है। वहीं दिल्ली में झारखण्ड के एक सर्वदलीय शिष्टमंडल ने जाति आधारित जनगणना कराने का मांग पत्र गृह मंत्री को सितम्बर 2021 में सौंपा था।

**********************

ईडी के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में आज सुनवाई हुई। इस दौरान याचिका में खामियां होने के कारण मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंद सेन की खंडपीठ ने याचिका की खामियों को दूर करने का निर्देश दिया। इस मामले की सुनवाई 11 अक्टूबर को होगी।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले के स्कूल एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर 100 गज के दायरे में तंबाकू सेवन एवं तंबाकू बिक्री पर प्रतिबंध  लगाने के लिए जिला स्तर पर ठोस पहल की जा रही है।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में अवैध प्रसव कराने एवं बच्चे की खरीद फरोख्त के मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो सहियाएं भी शामिल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले दिनों एक महिला का अवैध रूप से असंस्थागत प्रसव कराया गया था जिसमें महिला की मृत्यु हो गई थी। इसकी शिकायत पर जिला प्रशासन ने मामले की जांच कराई थी, जिसमें पाया गया कि गर्भवती महिला का प्रसव जान–बूझकर असंस्थागत तरीके से कराया गया ताकि उसके बच्चे को बेचा जा सके। मामले में दो

सहियाएं और बच्चे को खरीदने वाली एक महिला दोषी पायी गयीं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

***********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

***********************

भारतीय रिजर्व बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की आज घोषणा की। रिजर्व बैंक के गवर्नर बताया कि द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। इसे छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। वहीं अक्टूबर से दिसंबर तिमाही में महंगाई दर पांच दशमलव छह प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई के अनुसार आने वाले दिनों में महंगाई कम होगी। अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का बेहतर प्रदर्शन हो रहा है। आरबीआई ने कहा कि भारत दुनिया का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

***********************

गिरिडीह के उग्रवाद प्रभावित पीरटांड प्रखंड के खुखरा में प्लस टू हाई स्कूल बरियारपुर की छात्राओं ने कल शौचालय की सफाई की मांग को लेकर चिरकी–पलमा पथ को जाम कर दिया। इससे कुछ देर के लिए वाहनों का परिचालन ठप हो गया। रोड जाम कर रहीं छात्राओं ने विद्यालय प्रबंधन पर स्वच्छता पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया। कई बार शिकायत करने के बाद भी सफाई नहीं करायी जाती। छात्राओं ने कहा कि विवश होकर उन्हें गंदे शौचालय का इस्तेमाल करना पड़ता है।

***********************

गोड्डा जिले में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की ओर से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के दूसरे चरण के तहत स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आकांक्षी प्रखंड सुंदरपहाड़ी के सभी पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी और स्कूलों में स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता, वॉक प्रतियोगिता एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया जा रहा है।

***********************

केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से आज गिरिडीह के कस्तूरवा स्कूल में मेरा माटी मेरा देश, पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा और अमृत महोत्सव पर आज रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने बताया कि कल गिरिडीह कॉलेज में फोटो प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इसका उद्घाटन गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा करेंगे। तकनीकी सहायक राजकिशोर पासवान ने बताया कि फोटो प्रदर्शनी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इधर कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं ने सफाई अभियान भी चलाया।

***********************

रांची राजधानी को उपराजधानी दुमका से जोड़ने वाली गिरिडीह मुख्य सड़क जर्जर हो गई है। सड़क की दुर्दशा देखकर स्थानीय लोगों ने कल इसी सड़क में मछली मारने का प्रदर्शन कर विरोध जताया। जर्जर सड़क को लेकर लोगों ने सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के खिलाफ नारेबाजी भी की। हालांकि इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय सांसद और विधायक केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिल चुके हैं।

**********************

चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्श करने का सिलसिला जारी है। आज तिरंदाजी में महिला रिकर्व टीम ने कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही बैडमिंटन में एच. एस. प्रणॉय ने कांस्य पदक जीता। एशियन गेम्स में भारतीय क्रिकेट पुरूष टीम ने बांग्लादेश को 9 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जतायी है।

**********************

संक्षिप्त खबरें

- लोकसभा चुनाव और मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कल निर्वाचन विभाग के साथ बैठक की। बताया गया कि डोर टू डोर सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। उपायुक्त ने मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य तेज करने को कहा।
- सिमडेगा में बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। प्रिंस चौक में सनातनियों ने जयकारे और पुष्प वर्षा के साथ शौर्य जागरण यात्रा के रथ का स्वागत किया। रथ में विराजमान श्रीराम और माता सीता की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना की गई।
- जेबीवीएनएल रांची एरिया बोर्ड के जीएम पीके श्रीवास्तव ने राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए मरम्मत कार्य के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने 10 दिनों के अंदर मरम्मत का काम पूरा करने के साथ स्टोर में 100 और 200 केवीए के अतिरिक्त ट्रांसफारमर, इंसुलेटर, तार समेत बिजली के उपकरण रिजर्व रखने का निर्देश दिया है।

********समाप्त********